Amandeep Saluja
Sambalpur
Mob.: 943922328

संबलपुर-झारसुगुडा

Email:kalingasamachar@gmail.com

प्रयास से बढ़ेगी प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता

संबलपुर,२७/८(संवाददाता): देश में पिछले कई वर्षों से लागू शिक्षा अधिकार अधिनियम के बावजूद नगर में प्राथमिक शिक्षा का स्तर दयनीय स्थिति में है। ओडिशा के 30 जिलों में संबलपुर का स्थान 29 वां है। ऐसे में यहां प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने प्रयास कार्यक्रम शुरू करने समेत समस्त नौ ब्लॉक के लिए विशिष्ट अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। शनिवार को चंद्रशेखर बेहरा जिला स्कूल परिसर में जिला प्रशासन की ओर से शिक्षाअधिकारी सुबोध दास की अध्यक्षता में आयोजित प्रयास कार्यक्रम में जिलाधीश शुभम सक्सेना ने मुख्य अतिथि के रूप में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति पर चिंता व्यक्त किया। उन्होंने 2017 के एसईआर के सर्वे का हवाला देते हुए कहा कि जिला में प्राथमिक शिक्षा का नतीजा 50 फीसद से भी कम आकलन किया गया है। राज्य के 30 जिलों में से संबलपुर का स्थान 29 वां है। जिले में तीसरी कक्षा तक का नतीजा 46 फीसदए पांचवीं तक का 38

फीसद और आठवीं कक्षा तक का नतीजा 35 फीसद तक सीमित रह गया है। ऐसे में यहां प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की सख्त आवश्यकता है। दास ने सुझाव दिया कि प्राथमिक शिक्षा के दौरान दक्षता विकास पर जोर देने से समस्या का समाधान संभव है। इस कार्यक्रम में जिले के बामडा ब्लॉक के प्राथमिक स्कूलों के लिए आइटीडीए पवित्र मोहन बेहराए धनकीड़ा के लिए एलओ सरोज मिश्रए जमनकिरा के लिए कुचिंडा उपजिलाधीश विश्वरंजन नायकए जुजुमुरा के लिए संबलपुर महानगर निगम आयुक्त त्रिलोचन माझीए कुचिंडा के लिए जिला ग्रामीण विकास संस्था के परियोजना निदेशक सुकांत त्रिपाठीए मानेश्वर के लिए सदर उपजिलाधीश अनिरुद्ध प्रधानए नाकटीदेउल के लिए रेढ़ाखोल उपजिलाधीश बिशिकेसन देहुरीए रेढ़ाखोल के लिए जिला ग्रामीण विकास संस्था के अतिरिक्त परियोजना निदेशक महेंद्र महापात्रए और रेंगाली ब्लॉक के लिए अतिरिक्त जिलाधीश अजय जेना को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला प्रशासन की ओर से सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से लेकर पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विषय उपयोगी दक्षता हासिल करने के लिए आवश्यक सामग्री मुहैया करानेए शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल के लिए व्हाट्सअप ग्रुप बनाने और आगामी एक सप्ताह के अंदर ब्लॉक शिक्षाधिकारियोंए प्रधानशिक्षकों और सीआरसीसी की बैठक बुलाने और इसपर प्रशिक्षण दिए जाने का निर्णय लिया गया।

ग्रामीणों को दी जनहित कार्यक्रमों की जानकारी

संबलपुर,२७/८(संवाददाता): राज्य सरकार की ओर से संचालित जनहित कार्यक्रम जन.जन तक पहुंचे इसे लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुचिंडा तालुक लीगल सर्विस कमेटी की और से बामड़ा ब्लॉक परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सह कुचिंडा के अतिरिक्त जिला जज विक्रम पटनायक मुख्य अतिथिए एसडीजेएम प्रदोमयी सुजाताए तहसीलदार अनिल कुजूरए गोविंदपुर थाना अधिकारी प्रताप कुमार राणाए डब्लयूईओ सुभाष साहूए ब्लॉक समाज कल्याण अधिकारी सत्यव्रत पाढ़ीए ग्राम पंचायत अधिकारी

लक्ष्मीनारायण महापात्रए कमेटी सदस्य डॉण् शरत गौंतिया ने सम्मानित अतिथि उपस्थित रहकर समाज के सबसे निचले तबके के लोगों को भी सम्मान से जीने का हक होना बताया। कहा कि इसके लिए देशए राज्यए जिला तथा तालुका स्तर पर कानूनी सहायता मुहैया करायी जाती है। मनरेगाए आहार योजनाए निर्माण श्रमिकों को सुविधा और सहूलियतए स्वच्छ भारत अभियानए जंगल जमीन अधिकारए सामान्य और जनजातीय लड़का.लड़की के विवाह को बढ़ावा देने ढाई लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदानए आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए स्टाइपेंड और अन्य सुविधाएं स्वास्थ्य बीमा कार्ड और अन्त्येश योजनाए विधवा भत्ताए ओल्ड एज पेंशनए दिव्यांग को विशेष सहायता राशिए वसुंधरा योजनाए आवास योजनाए पर्यावरण और जल संरक्षण समेत विभिन्न योजना की जानकारी दी गयी। इन सभी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये जन भागीदारी को भी मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने जरूरी बताया।

अपहरण की धमकी देने के आरोप में प्रेमी गिरफ्तार

संबलपुर,२७/८(संवाददाता): उपनगर हीराकुद थाना अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव के दवा दुकानदार उमेश प्रताप तिग्गा को पुलिस ने एक युवती को अपहरण करने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपित उमेश और युवती के बीच पुराना प्रेम संबंध में था। लेकिन किसी वजह से दोनों के बीच मनमुटाव हो गया था। युवती ने उमेश से नाता तोड़ लिया था। इसी को लेकर उमेश परेशान था और बारबार युवती से विवाह करने की जिद कर रहा था। युवती ने जब विवाह करने से मना कर दिया तब उमेश उसको अपहरण करने की धमकी देने लगा। युवती ने परिवार वालों को उमेश की धमकी के बारे में बताने के बाद इस संबंध में थाना में शिकायत दर्ज करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को युवती हीराकुद थाना पहुंची और उमेश के खिलाफअपहरण करने की धमकी देने का आरोप लगते हुए शिकायत दर्ज करा दिया। इस आधार पर पुलिस ने उमेश को गिरफ्तार किया।

शराब बिक्री का विरोध करने पर ससुर दामाद पर हमला

संबलपुर,२७/८(संवाददाता): गाव में देसी शराब बिक्री का विरोध करने पर कारोबारी के हमले का शिकार हुए ससुर और दामाद ने शुक्रवार को प्रभारी एसपी से मुलाकात कर कतरबगा पुलिस की निष्क्रियता की शिकायत की है। बताया है कि इस बारे में रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के बावजूद पुलिस आरोपित राजू मुंडा और उसके ससुर के खिलाफ अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है। प्रभारी एसपी को दिए ज्ञापन में कतरबगा थाना अंतर्गत थपापाली गाव से पहुंचे फगू बंछोर और उसके ससुर सुजीत बंछोर ने बताया है कि गाव में राजू मुंडा देसी शराब का अवैध कारोबार करता है। उसे कई बार मना किया गया। बावजूद इसके उसने शराब का कारोबार जारी रखा है। शराब की वजह से गाव का माहौल खराब हो रहा है। विगत 21 अगस्त की रात भी राजू गाव में शराब बेच रहा था। जब उसे मना किया गया तब राजू और उसके ससुर ने मिलकर गली गलौज करने समेत उनपर हमला कर दिया। उनके हमले में शिकायतकर्ता फगू और उसका ससुर सुजीत घायल हो गए। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद अबतक कतरबगा पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। आरोपित राजू शिकायतकर्ताओं को धमकी दे रहा है

ऋषिका पुजारी ने तैराकी में जीता स्वर्ण पदक

संबलपुर,२७/८(संवाददाता): रेढ़ाखोल के बीजद विधायक इंजीनियर रोहित पुजारी की बेटी ऋषिका भी पिता के नक्शेकदम पर चल पड़ी है। पिता ईण् पुजारी को बीते महीने कोलकाता में श्रेष्ठ विधायक का पुरस्कार मिला था। इस बार उनकी बेटी ऋषिका पुजारी को बलांगीर में तैराकी के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। संबलपुर की बेटी ऋषिका को बलांगीर के राजेंद्र नारायण सिंहदेव स्वीमिंग पूल में आयोजित प्रथम अखिल ओडिशा मास्टर्स व अंतर क्लब तैराकी चैंपियनशिप.2019 में अंडर.12 आयु वर्ग में 50 मीटर बटरफ्लाई और फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक हासिल हुआ है। विधायक रोहित और वैशाली पुजारी की बेटी ऋषिका को बचपन से ही तैराकी का शौक रहा है। तैराकी के प्रति उसकी लगन को देख अभिभावकों ने भी उसका साथ देने समेत उत्साहित किया। नतीजा ऋषिका द्वारा जीते गए पदक से स्पष्ट है।

बड़ी बेटी से प्रताड़ित वृद्ध पिता ने पुलिस से मांगा न्याय

संबलपुर,२७/८(संवाददाता): उपनगर बुर्ला के कांट्रेक्टर्स कॉलोनी में शनिवार की शाम एक अनहोनी मामला सामने आया है। मुरादाबाद से इलाज कराने के बाद घर लौटे वृद्ध पिता रामनाथ लांबा को उसकी बड़ी बेटी ने घर में घुसने नहीं दिया। साथ ही पिता के साथ मारपीट कर खदेड़ दिया। ऐसे में वृद्ध पिता रामनाथ ने रात में ही थाना पहुंचकर बड़ी बेटी के खिलाफशिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से न्याय की गुहार की है। बुर्ला पुलिस मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है। कांट्रेक्टर्स कॉलोनी निवासी रामनाथ लांबा ;70द्ध ने बताया है कि बड़ी बेटी का विवाह झारसुगड़ा जिला के ब्रजराजनगर में और छोटी बेटी का विवाह उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में हुआ है। दोनों बेटियों के विवाह के बाद रामनाथ वर्षों से घर में अकेले रह गए थे। वृद्धावस्था जनित बीमारी के बाद रामनाथ कुछ दिन पहले इलाज के लिए अपनी छोटी बेटी के पास मुरादाबाद गए थे। इलाज के बाद तबीयत ठीक होने के बाद शनिवार की शाम जब वह वापस बुर्ला लौटे तो घर में अपनी बड़ी बेटी को देखकर खुश हुए। लेकिन उनकी यह खुशी कुछ ही देर में गायब हो गयी। आरोप है कि बड़ी बेटी ने उन्हें घर में घुसने नहीं दिया और मारपीट कर खदेड़ दिया। ऐसे में वृद्ध पिता रामनाथ को न्याय के लिए थाने में बड़ी बेटी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पर मजबूर होना पड़ा।

किसानों का महाबंद व आर्थिक नाकाबंदी नौ से

संबलपुर,२७/८(संवाददाता): सिंचाई की सुविधा से वंचित कुचिंडा अनुमंडल के प्रभावित किसानों को इनपुट सब्सिडी और फसल बीमा प्रदान करने को लेकर कुचिंडा अनुमंडल उपखंड किसान संगठन ने नौ सितंबर से महाबंद और आर्थिक नाकाबंदी करने की घोषणा की है। संगठन के संयोजक कुशध्वज चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार की शाम को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में किसानों ने राज्य और केंद्र सरकार पर उनकी मांगों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। बताया कि पिछले महीने एसडीएम कार्यालय के समक्ष रिले अनशनए डीएम दफ्तर में धरना प्रदर्शन करने के बाद इनपुट सब्सिडी देने का प्रशासन ने वादा किया था लेकिन अब तक मिली नहीं है। ऐसे में किसानों ने नौ सितंबर से कुचिंडा अनुमंडल महाबंद और आर्थिक नाकाबंदी करने का निर्णय लिया है। बैठक में योगबिहारी परिडाएजयंत प्रधानए रिंकू महापात्रए नवीन पटेलए सुरेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल थे।

MCL
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा
दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

ई-निविदा सूचना

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की निम्नलिखित ई-निविदाएँ, कोल इंडिया लिमिटेड की ई-निविदा पोर्टल(http://coalindiatenders.nic.in)) में प्रकाशित हैं जिन्हें केन्द्रीय सार्वजनिक प्रापण पोर्टल (http://eprocure.gov.in) पर भी देखा जा सकता है। परवर्ती विस्तृत विवरण के लिए कृपया इन वेबसाइट्स को देखें।

	निविदा आईडी	कार्य/सेवा का नाम	निविदा मूल्य (₹)
1	2019_MCL_147018_1	Preparation of Embankment for Diversion of Village Road towards Western Boundary of Bharatpur OCP.	1525700.00
2	2019_MCL_147432_1	PROCUREMENT OF SPARES FOR TRAVEL DEVICE OF TATA-1200 HYD. EXCAVATOR	250471.00
3	2019_MCL_147435_1	SPARES FOR QSX-15C CUMMINS ENGINES.	344391.00
4	2019_MCL_147497_1	Supply installation and commission of Water Cooler cum Purifier.	83805.00
5	2019_MCL_147524_1	Supply of tea to the employees of Project Office, Lingaraj OCP for a period of one year.	264574.00
6	2019_MCL_147293_1	PROCUREMENT OF ARM CYLINDER FOR TATA-200	250729.00
7	2019_MCL_147387_1	PROCUREMENT OF COMPLETE LIGHT FITTING	1490104.00
8	2019_MCL_147600_1	Annual contract for execution of LT overhead line work at different locations of Basundhara (West) OCP, Basundhara Area.	1617399.00
9	2019_MCL_147460_1	SUPPLY OF SPARES FOR IDM 30 DRILL	277561.00
10	2019_MCL_147563_1	Hiring of 01 no Indigo/Swift Dezire/Ford Aspire or equivalent Car with AC fitted, Diesel driven for 12 Hrs. duty period per Day (3000 KM Max per Month) (4 plus 1 seater) for a period of two years(682 running days) for Central Workshop, IB Valley.	1173608.00
11	2019_MCL_147713_1	PROCUREMENT OF BALL BEARING NO.6206ZZ	1083240.00
12	2019_MCL_147710_1	Hiring of One (1) Jeep(8 plus 1 seater or more) (Bolero/ Sumo or its equivalent) fitted with AC for 12 hrs per day duty for two years for GOCP at Basundhara Area (682 days).(2800km run per month).(C)	906378.00
13	2019_MCL_147730_1	Hiring of One (1) Jeep(8 plus 1 seater or more) (Bolero/ Sumo or its equivalent) fitted with AC for 24 hrs per day duty for two years for EnT department, Basundhara Area (682 days).(4000km run per month)	1735493.00
14	2019_MCL_147641_1	Annual Cleaning of Jungle by deploying and operating grass cutter machine at BII of LKP Area.	101693.00
15	2019_MCL_147677_1	Supply of spares for Tata Hitachi EX 300 Hyd. Excavator.	133437.00
16	2019_MCL_147730_1	Supply of Large Head Picks for CHP at Lingaraj OCP	538375.00
17	2019_MCL_147758_1	Procurement of IDM Spares.	291425.00
18	2019_MCL_147746_1	PROCUREMENT OF JETTING HOSE FOR PIPE LINE WORK	425744.00
19	2019_MCL_147772_1	Cleaning of spare wells including laying of pipe line for inter connecting with under ground sump and RCC tanks near residential qtrs of CWS colony at CWS(X) Talcher	1280347.00
20	2019_MCL_147786_1	Repairing of entrance gate with connection from infront of MFFTTI at CWS(X), Talcher	497178.00
21	2019_MCL_147805_1	Hiring of one no. AC running covered jeep (Innova or equivalent) having seating capacity 6 plus 1 on 16 hours duty basis with deployment of two nos. of drivers, max run 3000 km/month for 02 years (682 working days) for GM Secretariat, Lakhanpur Area.	1818894.00
22	2019_MCL_147826_1	Upgradation of Power supply arrangement to 448 nos. IB-A quarters of BIT Colony, Lakhanpur Area, MCL	4571163.00
23	2019_MCL_147723_1	Erection, dismantling and maintenance of 6.6 KV overhead power line for the period of one year at Hingula OCP.	1293596.00
24	2019_MCL_147511_1	Supply of Albumin 201 cuvettes for urine micro Albumin Analyser, NSCH, CHA, Talcher.	176103.00
25	2019_MCL_147799_1	Supply of HPSV Integrated asymmetrical beam Flood Light Fittings complete	415000.00
26	2019_MCL_147807_1	Hiring of Three(03) Nos. of Indigo or its equivalent having minimum seating capacity of 5(4plus1) for a period of Two years (i.e. 682 Days), 125KmDay, 1000Km/day engagement at Civil, Safety Department and GM Pool of Talcher Area.	2602512.00
27	2019_MCL_147862_1	PROCUREMENT OF GEAR BOX FOR WIRTGEN SURFACE MINOR	621509.00
28	2019_MCL_147877_1	PROCUREMENT OF PAPER PRODUCTS	3770434.00
29	2019_MCL_147855_1	Rearrangement of 33KV Hingula feeder, 33KV Nawtina feeder, Bharatpur New Silo feeder near 132KV/33KV Nawtina grid substation to avoid crossing of Bharatpur 33KV new Silo feeder line for the safety man and machine.	577700.00
30	2019_MCL_147899_1	Erection of LT OH Line and LED Street Light fitting complete from railway crossing near Nandira Grid SS to railway crossing near NQ Time Office for the safety of employee of Bharatpur OCP.	605079.00
31	2019_MCL_147913_1	PROCUREMENT OF SPARES FOR MECHANICAL VIBRATING FEEDERES	2564374.00
32	2019_MCL_147850_1	PROCUREMENT OF CHEMICAL FOR CLEANING OF FERROUS AND NON FERROUS COMPONENTS OF ENGINES OF CWS X TALCHER.	674656.00
33	2019_MCL_147856_1	Supply and installation of 5MVA initial 33/6.6KV sub-station and erection of 6.6KV HT overhead line for Ganjanbahal OCP, Basundhara Area.	9187623.00
34	2019_MCL_147883_1	Water Proofing Treatment by APP on the roof top of building of Substation, Control room, MTK and PO office at LOCP of IBVA (1st relender).	476027.00
35	2019_MCL_147874_1	Providing and fixing of APP water proofing over quarter no D-4 and minor repair in some quarters at GM complex, IB Valley Area.	214542.00
36	2019_MCL_147930_1	Hiring of one no. AC running covered jeep (Scorpio or equivalent) having seating capacity 8 plus 1 on 36 hours duty basis with deployment of 02 nos. drivers(having staggered rest) max run 3500 km/month for 02 yrs (682 days) for LKPOCP, Lakhanpur Area	1769304.00
37	2019_MCL_147905_1	Replacement of damaged and Old pipe line and Concrete Tank of A type quarters(59 Block) of N.S. Nagar Bharatpur under Bharatpur Area (Re tender).	9905192.00
38	2019_MCL_148047_1	Day to day gas cutting and welding work for smooth operation of Pump, weigh bridges etc. for 365 days in a year at Ganjanbahal OCP of Basundhara Area	498127.00
39	2019_MCL_148020_1	Hiring of 01 no. Air Conditioned 7 seater (6 plus 1) Hard Top diesel jeep or equivalent Covered Vehicle, max 2500 Km run per month, 12 hrs duty for a period of two years (341 days per year) for LOCP, IB Valley Area.	943955.00
40	2019_MCL_147918_1	Supply of Miscellaneous items.	87025.00

एमसीएल ई-क्रयण सहायता केन्द्र (फोन नं.0663-2542695/2542264, ई-मेल : hlp-eproc.mcl@coalindia.in) R-4932

हमारे ऐप्स प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंम्बर 1800 200 3004 पर एक मिस्ड काल दें।